


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष -41 ■ अंक-208 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 29 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112











## सिर पर सूपा रखकर सीएम साय पहुंचे छठ घाट, पत्नी कौशल्या के साथ उगते सूर्य को दिया अर्घ्य

## प्रदेश के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की

**जशपुर,28 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने आज छठ महापर्व के पावन अवसर पर जशपुर जिले के कुनकुरी छठ घाट में उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए प्रदेशवासियों को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छठ पूजा सूर्य उपासना और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह उनके लिए अत्यंत सौभाग्य का अवसर है कि उन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र में छठ महापर्व जैसे आस्था और श्रद्धा से जुड़े पर्व में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि कुनकुरी छठ घाट के सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 5 करोड़ 17 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार होगा। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न-** छठ पूजा के समापन के मौके पर बलौदाबाजार समेत प्रदेशभर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा. व्रती महिलाओं के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिक भी घाटों पर पहुंचे और पूजा में शामिल हुए. आसमान में छाए बादलों के कारण कुछ देर तक महिलाओं को सूर्य दर्शन में परेशानी हुई, लेकिन श्रद्धा और उत्साह में कोई कमी नहीं आई. 36 घंटे के निर्जला व्रत के बाद आज उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ छठ महापर्व संपन्न हुआ. महिलाओं ने संतान सुख, दीर्घायु और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना करते हुए श्रद्धा-भक्ति से व्रत पूरा किया.

## स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर ओपीडी में गरीब मरीजों को मिलेगा निशुल्क सीटी स्कैन एवं एमआरआई जाँच सुविधा का लाभ

**रायपुर, 28 अक्तूबर.**डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) में आने वाले मरीजों को सीटी स्कैन एवं एमआरआई जांच में आ रही कठिनाइयों को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस विषय में स्वतः संज्ञान लिया है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मरीज हित में फैसला लेते हुए आगामी सामान्य परिषद् की बैठक तक के लिए चिकित्सालयों में आने वाले बी.पी.एल. राशनकार्डधारी ओपीडी मरीजों को निःशुल्क सीटी स्कैन एवं एमआरआई जांच सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, ऐसे अन्य ओपीडी मरीज जो बी.पी.एल. श्रेणी में नहीं आते हैं, उन्हें शासन/विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम दरों पर यह जांच सुविधा प्राप्त होगी। अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री का यह निर्णय ओपीडी स्तर पर जांच सुविधाओं को सुलभ एवं किफायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि - इन आदेशों का पालन सुनिश्चित करते हुए किसी भी मरीज को जांच सुविधा में असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये।



विदित हो कि प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल के रेडियोडायग्नोसिस विभाग में सीटी स्कैन - एमआरआई जांच की अत्याधुनिक मशीनें स्थापित हैं जिसके कारण प्रतिदिन यहां पर काफी संख्या में मरीज इन मशीनों से जांच सुविधा का लाभ उठाने आते हैं परंतु विगत कुछ दिनों से आयुष्मान योजना पोर्टल के जरिए ओपीडी में इन जांचों हेतु ब्लॉकिंग सुविधा में दिक्कत आ रही थी जिसे देखते हुए माननीय स्वास्थ्य मंत्री ने लोकहित में निर्णय लेते हुए गरीब मरीजों की जांच निशुल्क करने हेतु दिशा- निर्देश जारी किए हैं।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा, विमान के पास खड़ी एयर इंडिया की बस में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली,28 अक्टूबर।** दिल्ली एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा हो गया है। यहां टर्मिनल 3 पर खड़ी बस में भीषण आग लग गई है। गनीमत रही कि हादसे के वक्त बस में कोई यात्री मौजूद नहीं था। हादसा मंगलवार दोपहर को उस वक्त हुआ जब बस एक विमान के पास खड़ी थी। बस का संचालन एयर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया था। यह एक थर्ड पार्टी प्रोवाइडर है जो कई एयरलाइनों की ग्राउंड सर्विस संभालता है। ये आग कैसे लगी और इसमें कोई घायल हुआ है या नहीं, इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। दोपहर करीब एक बजे, आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन में एयर इंडिया की एक बस में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस के साथ-साथ सीआईएसएफ सहित अन्य संबंधित एजेंसियों ने घटना पर तुरंत कार्रवाई की। अब तक मिली जानकारी के अनुसार, उस समय बस में कोई यात्री या सामान नहीं था। घटना के समय बस में केवल ड्राइवर ही मौजूद था। आग पर काबू पा लिया गया है। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए बस की जांच की जाएगी।

## पत्नी ने रची पति की हत्या की साजिश, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार,28 अक्टूबर।** पत्नी ने पति को रास्ते से हटाने हत्या की साजिश रची और अपने प्रेमी से उस पर प्राणघातक हमला कराया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल उमाशंकर को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं घायल उमाशंकर के भाई की रिपोर्ट पर सिमगा पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार किया है। वहीं फरार प्रेमी को छिंदवाड़ा से गिरफ्तार कर लिया गया है। पूरा मामला सिमगा थाना क्षेत्र का है। घटना के संबंध में खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बताया कि पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति पर धारदार हथियार से हमला किया। हमले में घायल पति को काफी चोटें आई है, जिसे हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। आरोपी पत्नी निशा कुंभकार का नौ माह पूर्व ही घायल उमाशंकर कुंभकार के साथ शादी हुई थी पर आरोपिया निशा का पूर्व से ही प्रेम संबंध चल रहा था और पति उसे उसके प्रेमी से मिलने नहीं देता था। इससे क्षुब्ध होकर पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची और उसे बहाने से सिमगा थाना क्षेत्र के बेमेतरा पुल के पास बुलाया और प्रेमी से हमला कराया। हमले के बाद घायल उमाशंकर के भाई की रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं घटना के बाद से फरारए प्रेमी को भी छिंदवाड़ा से गिरफ्तार किया गया है। घायल उमाशंकर का इलाज जारी है।





## उद्धव ठाकरे ने अमित शाह को बताया एनाकोंडा तो एकनाथ शिंदे ने दिया जवाब

मुंबई,28 अक्टूबर। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर पलटवार किया है। उन्होंने आरोप लगाए हैं कि उद्धव खुद ही एनाकोंडा हैं, जो मुंबई की तिजोरी पर कब्जा कर लिया है। दरअसल, शिवेसना (यूबीटी) प्रमुख ने एक दिन पहले ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को एनाकोंडा बताया था। इसे लेकर राज्य में सियासी बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। शिंदे ने कहा, 'कल अमित शाह जी आए थे और गहरे समुद्र में मछलियां पकड़ने के लिए मछुआरों को दो नौकाएं दी। ऐसी कई नौकाएं केंद्र सरकार के जरिए दी जाएंगी। कल प्रधानमंत्री जी भी आ रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'वह (उद्धव ठाकरे) एनाकोंडा के बारे में बात करते हैं। वह खुद ही एनाकोंडा हैं, जो मुंबई की तिजोरी को लपेट कर बैठे हैं। एनाकोंडा की विशेषता यह है कि उसका पेट नहीं भरता है। ये मुंबई की तिजोरी को निगल गए, मुंबई निगल गए, भूखंड निगल गए, मरीज की खिचड़ी निगल गए, डेड बॉडी बैग में पैसे खाए, डामर में पैसे खाए। यहां पर मीठी नदी का कचरा भी निगल गए। इनका पेट ही नहीं भरता है। ऐसा यह एनाकोंडा है।' उन्होंने आगे कहा, 'अभी मुंबई का चुनाव है। चुनाव के बीच उनकी घिसी पिटी कैसेट चलती है और यह उसी का पार्ट है। मुंबई वासी बहुत ही समझदार हैं। पिछले 20-25 सालों से जो हालत बनाकर रखी है। जब मैं मुख्यमंत्री बना, महायुति सरकार बनी, तब क्रांक्रीट की सड़कें बनीं, सौंदर्यीकरण शुरू हुआ, मेट्रो का काम इन्होंन रोक दिया था, वह शुरू हुआ। लोग जानते हैं कि विकास करने वाले कौन हैं और मुंबई को निगलने वाले कौन हैं। मुंबई का सोने का अंडा देने वाली मुर्गी समझने वाले कौन हैं।'



## पाकिस्तानी टीवी चैनल पर इजरायल का समर्थन कर रहा था पत्रकार, कट्टरपंथियों ने मार डाला

**करांची,28 अक्टूबर।** कराची में टेलीविजन चैनल पर इजराइल के समर्थन में टिप्पणी कर रहे एक पत्रकार की चरमपंथी इस्लामी समूह के कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर हत्या कर दी। सिंध प्रांत के गृह मंत्री ने यह जानकारी दी। कराची के मालिर इलाके में टेलीविजन चैनल कार्यालय से बाहर निकलते समय 21 सितंबर को पत्रकार एवं एंकर इम्तियाज मीर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के आरोप में संदिग्ध चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। गृह मंत्री जियाउल हसन लंजहर ने सोमवार को दावा किया कि हत्यारे, पत्रकार मीर को इजराइल का कथित समर्थक मानते थे और इसी समर्थन वाली टिप्पणी के कारण उन्हें निशाना बनाया गया। सिंध पुलिस के महानिरीक्षक (आईजीपी) गुलाम नबी मेमन और शहर के पुलिस प्रमुख जावेद आलम ओधो ने मीडिया को बताया कि गिरफ्तार किए गए चार व्यक्तियों ने पाकिस्तान के बाहर स्थित अपने आका के आदेश पर हत्या करने की बात कबूल की है। मेमन ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा, 'गिरफ्तार किए गए संदिग्ध शिक्षित व्यक्ति हैं और उनका सरगना एक पड़ोसी देश में रह रहा है।' गिरफ्तार किए गए संदिग्धों की पहचान अजलाल जैदी, शहाब असगर, अहसान अब्बास और फराज अहमद के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वे 'लश्कर सरुल्लाह' से जुड़े हैं जो प्रतिबंधित जैनबियून ब्रिगेड का हिस्सा है।

## माओवादी संगठन को फिर बड़ा झटका, 45 सालों से सक्रिय नक्सली लीडर बंडी ने किया सरेंडर

जगदलपुर. माओवादी संगठन को फिर एक बड़ा झटका लगा है। तेलंगाना में माओवादी संगठन के कुख्यात लीडर बंडी प्रकाश ने आज सरेंडर किया। 45 वर्षों से माओवादी संगठन में सक्रिय बंडी प्रकाश ने तेलंगाना डीजीपी के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। बंडी प्रकाश तेलंगाना स्टेट कमेटी और स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्य थे। वे माओवादी संगठन में प्रभात, अशोक और क्रांति के नाम से भी सक्रिय थे। तेलंगाना सरकार ने बंदी प्रकाश पर 25 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। बंडी प्रकाश सिंगरेनी कोलबेल्ट कमेटी में भी सचिव के पद पर सक्रिय थे। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पोलित ब्यूरो सदस्य वेणुगोपाल उर्फ सोनू दादा के आत्म समर्पण के बाद सिंगरेनी कमेटी ने भी हथियार डालने का ऐलान किया था।

## देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा सर्विस सेक्टर: नीति आयोग

**नई दिल्ली,28 अक्टूबर।** नीति आयोग की सर्विसेज डिविजन की प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. सोनिया पंत ने कहा, "नीति आयोग में सर्विसेज डिविजन एक नया डिविजन है, जिसे खासकर सर्विस सेक्टर पर ध्यान देने के लिए ही बनाया गया है, जो कि देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाला महत्वपूर्ण सेक्टर है।" उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नीति आयोग के सर्विसेज डिवीजन ने 'इंडियाज सर्विसेज सेक्टरः इनसाइट फ्रॉम जीवीए ट्रेंड्स एंड स्टेट लेवल डायनैमिक्स' और 'इंडियाज सर्विसेज सेक्टर : इनसाइट फ्रॉम एंप्लॉयमेंट ट्रेंड्स एंड स्टेट लेवल डायनैमिक्स' तैयार की हैं।"दोनों ही रिपोर्ट को लेकर पंत जानकारी देते हुए बताती हैं कि ये रिपोर्ट आउटपुट और एंप्लॉयमेंट को लेकर सर्विस सेक्टर के डेडिकेटेड असेस्मेंट से जुड़ी है। रिपोर्ट डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने, स्किल्ड ह्युमन कैपिटल को बढ़ाने, इनोवेशन इकोसिस्टम को तैयार करने और वैल्यू चेन में सर्विस को इंटीग्रेट करने की जरूरत पर बल देती है, जिसके साथ भारत को डिजिटल, प्रोफेशनल और नॉलेज-बेस्ड सर्विसेज में एक विश्वसनीय ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित किया जा सके। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि स्ट्रक्चरल रूप से पिछड़े राज्य अब तेजी से आगे बढ़ रहे राज्यों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कन्वर्जेंस का यह उभरता पैटर्न दर्शाता है कि भारत का सर्विसेज से जुड़ा यह बदलाव इन्क्लूसिव हो रहा है।

**'इंडियाज सर्विसेज सेक्टर :** इनसाइट फ्रॉम एंप्लॉयमेंट ट्रेंड्स एंड स्टेट लेवल डायनैमिक्स' टाइटल की रिपोर्ट सर्विस सेक्टर में रोजगार पर केंद्रित है। यह रिपोर्ट रोजगार को लेकर एनएसएस (2011-12) और पीएलएफएस (2017-18 से लेकर 2023-24) से लिए गए डेटा पर आधारित है। रिपोर्ट भारत के सर्विसेज वर्कफोर्स को लेकर जेंडर, रीजन, एजुकेशन और ऑक्यूपेशन से जुड़ा दीर्घकालिक और मल्टी-डायमैनशनल व्यू प्रदान करती है। रिसर्च से जानकारी मिलती है कि सर्विस सेक्टर देश में रोजगार के बढ़ने और कोरोना महामारी के बाद से रिकवरी का मुख्य आधार बना हुआ है। हालांकि, चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। यह रिपोर्ट सर्विस सेक्टर को प्रोडक्टिव, हाई-क्वालिटी और इंक्लूसिव जॉब के महत्वपूर्ण चालक के रूप में देखती है। साथ ही, भारत में रोजगार को लेकर हो रहे बदलावों और भारत के 2047 तक विकसित बनने के विजन को पूरा करने को लेकर सर्विस सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है। (इनपुट-एजेंसी) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (यूएसी) के साथ एसजे-100 सिविल कम्प्यूटर एयरक्राफ्ट के निर्माण के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता मास्को में एचएएल के प्रभात रंजन और यूएसी के ओलेग बोगोमोलोव द्वारा एचएएल के सीएमडी डी.के. सुनील और यूएसी के महानिदेशक वादिम बाडेका की मौजूदगी में किया गया। एसजे-100 एक ट्विन-इंजन नैरो-बॉडी विमान है, जिसके 200 से अधिक विमान दुनिया भर की 16 एयरलाइनों में परिचालन में हैं। एचएएल ने कहा कि यह साझेदारी भारत के क्षेत्रीय विमानन क्षेत्र को नई दिशा देगी और उड़ान (UDAN) योजना के तहत छोटे रूटों की कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगी। इस समझौते के तहत एचएएल को विमान निर्माण का अधिकार मिलेगा। यह भारत के विमानन इतिहास में एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार पूरा यात्री विमान देश में बनाया जाएगा। इससे पहले एचएएल ने 1961 से 1988 के बीच एव्रो HS748 विमान का निर्माण किया था। एचएएल के अनुसार, अगले दशक में भारत को इस श्रेणी के 200 से अधिक जेट विमानों की आवश्यकता होगी, जबकि भारतीय महासागर क्षेत्र में लगभग 350 और विमान की मांग अनुमानित है। यह सहयोग 'मेक इन इंडिया' पहल को गति देगा और तीन दशक बाद देश में यात्री विमान निर्माण को पुनर्जीवित करेगा।



## संपादकीय

# सीएम साय छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत

छत्तीसगढ़ में सरकार को कोई बड़ा आयोजन हो तो सरकार को ही सावधान रहने की जरूरत होती है क्योंकि जितना बड़ा आयोजन होता है, उसमें रंग में भंग होने की भी बड़ी आशंका होती है। छत्तीसगढ़ में सरकार छत्तीसगढ़ राज्य का रजत वर्ष मना रही है,इसके लिए जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस बार का राज्योत्सव भी इस वजह से खास है, उसे ऐतिहासिक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर पीएम मोदी को आमंत्रित किया गया है, कई तरह के विशेष आयोजन किए जा रहे है, राज्य सरकार पीएम मोदी के सामने राज्य की बेहतर छबि पेश करना चाहती है, वह बताना चाहती है कि राज्य मे सबकुछ बढिया चल रहा है।ऐसे में कई संगठन व विपक्षी दल कांग्रेस मौका मिलेगा तो सरकार की छबि खराब जरूर करना चाहेंगे और ऐसा मौका उनको राज्योत्सव से पहले किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में तोड़ फोड़ करने पर मिल भी गया। इससे कई संगठन तो खुद को छत्तीसगढ़ के प्रति ज्यादा संवेदनशील बताते है,उनको सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का मौका मिला।रविवार सुबह तेलीबांधी वीआईपी चौहारे पर स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को किसी ने या कुछ लोगों ने जहां वह स्थापित थी, वहां से उखाड़कर फेंक दिया।सोशल मीडिया में इसकी तस्वीरें वायरल होने पर छत्तीसगढ़ के नेताओं,कई संगठनों के लोगों नाराजगी जताई और इसके लिए साय सरकार की कड़ी आलोचना भी की। किसी संगठन ने धरना भी दिया। कई संगठन के लोग मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों व पुलिस के बीच झड़प भी हुई। पुलिस ने शांति बनाए रखने कई लोगों पर कार्रवाई भी की। बाद में प्रदर्शनकारियों को छोड़ दिया गया।कई संगठनों ने सरकार को चेतावनी दी है कि इस मामले में तीन दिन में कार्रवाई नहीं की गई तो रायपुर बंद किया जाएगा। छत्तीसगढ महतारी की प्रतिमा से जुड़ा होने के कारण यह मामला संवेदनशील था, कई नेताओं ने इसके लिए सरकार को दोषी ठहराया कि सरकार छत्तीसगढ़ महतारी के प्रति संवेदनशील नहीं है। मामला संवेदनशील हो और भूपेश बघेल कुछ न कहे ऐसा हो नहीं सकता। इस मामले में भूपेश बघेल ने कहा है कि भाजपा सरकार ने यदि जन आक्रोश को अनदेखा किया तो परिणाम अच्छे नहीं होंगे।छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का तोड़ा जाना छत्तीसगढ़ की जनता का अपमान है।वही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि मूर्ति तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए और तत्काल छत्तीसगढ़ महतारी की नई प्रतिमा लगाई जानी चाहिए। यह बड़ा संवेदनशील मामला होने के कारण सीएम साय ने इसे गंभीरता से लिया है और घटना की निंदा करते हुए कहा है कि जिसने भी घटना को अंजाम दिया है,उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।घटना में शामिल किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा है कि घटना चिंता का विषय है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। की जांच कर पुलिस को राम मंदिर तिराहे के पास आटो पार्क करने वालों ने बताया है कि छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति के पास एक विक्षिप्त टहलता रहता है।आटो चालकों ने आशंका व्यक्त की है कि उसी ने मूर्ति को खंडित किया होगा। घटना के बाद से विक्षिप्त नहीं दिख रहा है इसलिए माना जा रहा है कि मूर्ति को खंडित उसी ने किया है। मूर्ति तोड़े जाने का कोई सीसीटीवी फुटेज नहीं मिला है क्योंकि कैंमरे की जद से मूर्ति बाहर है। ज्ञात हो कि २०२२ में छत्तीगढ़ महतारी की यह प्रतिमा यहां लगाई गई थी। एक तरह से यह राज्य में छत्तीसगढ़ महतारी की मुख्य प्रतिमा थी।इसका अनावरण तब सीएम भूपेश बघेल ने किया था।इस मौके पर यह घोषणा की गई थी कि पूरे राज्य में छत्तीसगढ़ महतारी की ३३ प्रतिमाएं लगाई जाएंगी। हर साल एक नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा की जा रही है।छत्तीसगढ़ महतारी को राज्य की संस्कृति देवी के रूप में मान्यता दी जाती है। छत्तीसगढ़ की राजनीति में खांटी छत्तीसगढ़िया नेता उसे ही माना जाता है जो छत्तीसगढ़ महतारी का दिल से सम्मान करता है और छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढावा देने सबसे आगे रहने का प्रयास करता है। यही वजह है इस घटना पर लोगों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है और खुद को छत्तीसगढ़ महतारी का असली सपूत बताने का प्रयास किया है। मामला संवदेनशील है इसलिए साय सरकार इस मामले को गंभीरता से लिया है।जब दूसरे छत्तीसगढ़ महतारी का सम्मान के लिए खुलकर सामने आए हैं तो साय सरकार ने २४ घंटे के अंदर तेलीबांधा के तिराहे में जहां से मूर्ति को उखाड दिया गया है, वहां फिर से छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित कर और इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर साबित कर दिया जाए कि सीएम साय व सरकार भी छत्तीसगढ़ महतारी का पूरा सम्मान करती है, सीएम साय भी खांटी छत्तीसगढ़िया हैं, वह छत्तीसगढ़ के अन्य नेताओं की तरह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत है।

# एसआईआर-2: मतदाता सूची सुधार की दिशा में चुनाव आयोग का अगला कदम

**राजनीति**

**सुनील कुमार महला**



हाल ही में चुनाव आयोग द्वारा देशव्यापी एसआईआर(मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण) यानी कि एसआइआर के दूसरे चरण की बात कही गई है, यह स्वागत योग्य कदम है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार बारह राज्यों में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) होगा। पाठकों को बताता चलूं कि बिहार के बाद चुनाव आयोग ने दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ सहित देश के नौ राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में मंगलवार से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का ऐलान किया है। जानकारी के अनुसार संबंधित राज्यों की मौजूदा वोटर लिस्ट फ्रीज हो गई है तथा मंगलवार से ट्रेनिंग के साथ एसआइआर प्रक्रिया शुरू होकर सात फरवरी 2026 को खत्म होगी। इस दौरान 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर फॉर्म भरवाने के साथ सत्यापन भी करेंगे। सात फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। बीएलओ घर-घर जाकर जो गणना (एन्यूमरेशन) फॉर्म देंगे, इसमें मतदाता की हर डिटेल पहले से भरी होगी और फोटो लगानी होगी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इन राज्यों में 21 साल बाद एसआइआर की प्रक्रिया की जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले 2002 से 2004 में एसआइआर किया गया था, इसलिए इस बार होने वाली पूरी प्रक्रिया में 2003 की वोटर लिस्ट को आधार बनाया जाएगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि चुनावी राज्य असम में अभी एसआइआर नहीं होगी।दरअसल, असम के लिए नागरिकता नियम देश के दूसरे हिस्सों से अलग हैं। चुनाव आयोग के अनुसार असम के लिए अलग से रिवीजन ऑर्डर्स जारी किए जाएंगे और वहां एसआइआर के लिए अलग तारीख की घोषणा की जाएगी। बहरहाल, मीडिया में आईं खबरें बतातीं हैं कि इस महाअभियान में एक दर्जन सूबों के करीब 51 करोड़ मतदाताओं के नाम की जांच की जाएगी और सात लाख से अधिक बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए) इस टास्क को अंजाम देंगे। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि देश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत के कई महत्वपूर्ण फायदे हैं। वास्तव में, इससे चुनाव आयोग को मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन(अपडेट करने) बनाने में मदद मिलती है। मृत, स्थानांतरित या दोहरी प्रविष्टियों(डबल एंट्रीज) को हटाकर पारदर्शिता बढ़ाई जाती है। नए मतदाताओं, विशेषकर युवा नागरिकों को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने का यह बेहतर अवसर होता है। वास्तव में सच तो यह है कि इसके जरिए हर योग्य नागरिक को मताधिकार सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। साथ ही, इससे चुनाव की विश्वसनीयता और लोकतांत्रिक प्रणाली की मजबूती में भी वृद्धि होती है। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण यानी कि एसआइआर से लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होती हैं, क्योंकि यह निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करता है। यह अभियान देश और समाज के नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने का भी कार्य करता है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के छूटे हुए मतदाताओं को भी जोड़ा जा सकता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इससे अधिकारियों को क्षेत्रवार सत्यापन करने का अवसर मिलता है, जिससे विभिन्न त्रुटियों में कमी आती है। इससे मतदाता सूची की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ती है। दूसरे शब्दों में कहें तो देश में आज एसआइआर की जरूरत इसलिए है क्योंकि राजनीतिक दल मतदाता सूचियों पर लगातार सवाल उठा रहे हैं। कितनी बड़ी बात है कि फर्जी, मृत या उस स्थान पर नहीं रहने वाले लोग भी आज मतदाता बने हुए हैं। जो देश के नागरिक नहीं वह लोग भी मतदाता बने हुए हैं। वास्तव में, एक से अधिक जगहों पर पंजीकरण, मृत मतदाताओं और घुसपैठियों के नाम हटाने के लिए एसआइआर बहुत ही जरूरी व आवश्यक है। गौरतलब है कि आखिरी बार एसआइआर 21 साल पहले साल 2002-04 के बीच हुई थी। यह भी उल्लेखनीय है कि 1951 से 2004 के बीच कुल आठ बार एसआइआर हो चुका है। बहरहाल, कुल मिलाकर, एस आई आर अभियान एक मजबूत, निष्पक्ष और सहभागी लोकतंत्र की दिशा में महत्वपूर्ण व शानदार कदम है। वास्तव में एक सफल व अच्छे लोकतंत्र की यही पहचान है कि उसकी चुनाव प्रक्रिया भरोसेमंद हो। राजनीतिक दलों व उनके नेताओं को भी जनादेश को स्वीकार करते हुए आगे बढ़ना चाहिए और सुचारू रूप से सत्ता का हस्तांतरण करना चाहिए। हाल फिलहाल, पाठकों को बताता चलूं कि एसआइआर के दौरान केंद्र या राज्य सरकार से जारी पेंशन का कागज सरकारी या स्थानीय निकाय, बैंक, पोस्ट ऑफिस, एलआईसी से जारी सर्टिफिकेट जन्म प्रमाणपत्र पासपोर्ट शैक्षिक प्रमाणपत्र स्थायी निवास प्रमाणपत्र अधिकार प्रमाणपत्र जाति प्रमाण पत्र एनआरसी राज्य या स्थानीय निकाय का परिवार रजिस्टर जमीन या आवास आवंटन सर्टिफिकेट आधार जैसे दस्तावेज मान्य होंगे। हाल फिलहाल,पाठक जानते होंगे कि बिहार में ,जब चुनाव के लिए बहुत कम वक्त बचा था, तब चुनाव आयोग ने अचानक एसआइआर की शुरुआत क्यों कर दी, जैसा सवाल उठाया गया था।उस दौरान यह बात कही गई थी कि जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने में पर्याप्त वक्त है, अगर वहां पहले एसआइआर कराया जाए तो यह देश व समाज के लिए बेहतर होगा। मगर निर्वाचन आयोग शायद बिहार विधानसभा के लिए इसी चुनाव में मतदाता सूची को 'शुद्ध व सही' करने की इच्छा रखता था, इसलिए काफी सवाल उठने के बावजूद आखिर एसआइआर को अंजाम दिया गया।अब विभिन्न राज्यों के एसआइआर से संबंधित राज्यों की मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाया जा सकेगा, ऐसा चुनाव आयोग का मानना है।देश में एसआइआर अच्छी बात है, लेकिन इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसे मतदाताओं के नाम सूची से नहीं हटने चाहिए , जो पात्र हैं। वास्तव में किसी भी चुनाव में केवल वैध और पात्र मतदाताओं को मतदान करने का अधिकार होना चाहिए। दूसरे शब्दों में कहें तो मतदाता सूची में से किसी भी ऐसे व्यक्ति का नाम नहीं हटना चाहिए, जो वैधता की कसौटी पर अपनी पूरी पात्रता रखते हैं। यहां पाठकों को बताता चलूं कि बिहार में एसआइआर के तहत मतदाता सूची में नाम कायम रखने के लिए आयोग ने कुछ दस्तावेज जमा करना अनिवार्य बना दिया था, जिसमें आधार को मान्य नहीं बताया गया। हालांकि, इस मसले पर सर्वोच्च न्यायालय के दखल के बाद निर्वाचन आयोग को एसआइआर की प्रक्रिया में दस्तावेज और प्रक्रिया संबंधी शर्तों में बदलाव करने पड़े। इस सबके मद्देनजर आगे यह ध्यान रखने की जरूरत होगी कि एसआइआर की समूची प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता रखी जाए। इस संबंध में बिहार में हुए एसआइआर के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई में जो सवाल उठे और इस संदर्भ में अदालत की ओर से जो सुझाव या निर्देश सामने आए, उसे देखते हुए निर्वाचन आयोग अब एक ऐसे प्रारूप में एसआइआर की प्रक्रिया को संपन्न करा सकता है, जो पूरी तरह विवादरहित हो और जिससे किसी भी राजनीतिक दल को आपत्ति न हो। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत में पहले आम चुनाव 1951-52 से अब तक चुनाव प्रणाली को पारदर्शी, निष्पक्ष और सशक्त बनाने के लिए कई सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। प्रारंभिक वर्षों में मतपत्रों से मतदान होता था, लेकिन साल 1998 से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) लागू की गई, जिससे गिनती तेज़ और त्रुटिरहित हुई। साल 2013 में 'नोटा' (इनमें से कोई भी नहीं) का विकल्प जोड़ा गया, ताकि मतदाताओं को असंतोष प्रकट करने का अधिकार मिल सके। मतदाता सूची को अद्यतन(अपडेट) और त्रुटिहीन(इमपेकेबल) बनाने के लिए नियमित रूप से विशेष पुनरीक्षण(वेटिंग) अभियान चलाए जाते हैं। चुनाव व्यय पर नियंत्रण के लिए निगरानी तंत्र मजबूत किया गया है और उम्मीदवारों को अपने आपराधिक रिकॉर्ड व संपत्ति की घोषणा भी अनिवार्य की गई है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार के बढ़ते प्रभाव को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग ने आचार संहिता में डिजिटल आचरण से जुड़े नियम भी शामिल किए हैं। इन सभी सुधारों से भारतीय लोकतंत्र अधिक पारदर्शी, जिम्मेदार और विश्वसनीय बना है।यकीनन,इन सभी कदमों का कमोबेश असर हुआ है। मगर मतदाता सूची के गहन निरीक्षण का काम काफी समय से नहीं हुआ था। जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में जानकारी दे चुका हूं कि पिछली बार सन् 2004 में देशव्यापी एसआईआर हुआ था।शायद यही कारण भी रहा कि मतदाता सूचियां कई तरह की विसंगतियों का शिकार होती गई और इनमें नए मतदाताओं के नाम तो जुड़ते गए, मगर मृत लोगों के नाम ठीक से नहीं कट सके, बल्कि एक ही मतदाता के नाम कई जगह की सूची में दर्ज होते गए। बिहार में एसआईआर के बाद चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में जो शपथ-पत्र दाखिल किया है, वह इन विसंगतियों की तस्दीक करता है। गौरतलब है कि वहां करीब 47 लाख नाम अंतिम तौर पर हटाए गए हैं। बहुत अच्छा होता यदि चुनाव आयोग 2024 के आम चुनाव के बहुत पहले ही इस कार्य को अंजाम दे देता। हाल फिलहाल,अब भी समय है और अब इस काम को जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग को यह अधिकार दिया गया है कि वह समय-समय पर किसी भी निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर सके। इस धारा के अनुसार मतदाता सूची का पुनरीक्षण हर वर्ष या किसी चुनाव से पहले अथवा जब आयोग उचित समझे, तब किया जा सकता है। पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन(अपडेट) रखना है, ताकि नई योग्यताओं के आधार पर नाम जोड़े जा सकें, मृत या अयोग्य मतदाताओं के नाम हटाए जा सकें और पते या अन्य विवरणों में आवश्यक सुधार किए जा सकें। यदि निर्वाचन आयोग यह मानता है कि मतदाता सूची पहले से सही है, तो वह पुनरीक्षण को स्थगित भी कर सकता है। इस प्रकार, धारा 21 यह सुनिश्चित करती है कि देश में मतदाता सूचियां हमेशा सही, अद्यतन और निष्पक्ष रहें, ताकि प्रत्येक योग्य नागरिक को मतदान का अधिकार सही रूप से मिल सके। अंत में यही कहूंगा कि चुनाव आयोग को एसआईआर के इस दूसरे चरण में देश के तमाम राजनीतिक दलों को भरोसे में लेना चाहिए, क्योंकि वे इस पूरी प्रक्रिया के बेहद महत्वपूर्ण हितधारक हैं। बहरहाल, पिछले कुछ सालों में चुनाव आयोग के कामकाज को लेकर बहुत सी बहस और कई विवाद हुए हैं। विपक्षी दलों से मिलने में हिचकिचाहट और मतदान के बाद वोट प्रतिशत बढ़ने जैसी बातें लोगों के मन में कहीं न कहीं शक और अविश्वास पैदा करती हैं, खासकर जब हम डिजिटल युग में जी रहे हैं। इसी अविश्वास के कारण बिहार में चल रही एसआईआर प्रक्रिया विवादों में फंस गई और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। इससे चुनाव आयोग की छवि को भी कहीं न कहीं नुकसान पहुंचा है।

मतदान व मतदान सिस्टम को ठीक व अच्छा बनाने की जिम्मेदारी अकेले चुनाव आयोग की ही नहीं है, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। दूसरे शब्दों में कहें तो सिर्फ चुनाव आयोग ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न राजनीतिक दलों और नागरिक समाज की भी समान जिम्मेदारी बनती है कि वे चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने में अपना भरपूर सहयोग करें। यह बहुत दुखद है राजनीतिक दल एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हैं और अपने स्वार्थों को सिद्ध करते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि राजनीतिक दलों को केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करने की बजाय अपनी जिम्मेदारियों को समझना और निभाना चाहिए। वहीं नागरिक संगठन भी सक्रिय भूमिका निभाकर निगरानी करें, ताकि बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) का काम आसान, पारदर्शी और प्रभावी बन सके। जब सभी पक्ष अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएंगे, तभी लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होंगी। इसलिए जब चुनाव आयोग पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की बात करता है, तो सबसे पहले उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसकी मौजूदा जिम्मेदारियां बिना किसी विवाद और संदेह के पूरी हों। तभी देश की जनता का भरोसा इस संवैधानिक संस्था पर और अधिक मजबूत होगा।

## सू- दोकू क्र.211

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.210 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## शब्द सामर्थ्य - 211


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 210 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## राशिफल

**मेष** आज का दिन वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको सम्मान की प्राप्ति हो सकती है और संतान की फरमाइश पर उनके लिए कुछ खाने पीने की चीज भी लेकर आ सकते हैं। आपको परिवार के सदस्यों में तालमेल बनाकर चलना होगा, इसलिए यदि आपको किसी की कोई बात बुरी लगे, तो आप उसको लेकर बुरा ना माने। आपको वाहनों के प्रयोग थोड़ा बेहतर रहकर करना होगा।

**वृषभ** आज आपकी दान-धर्म के कार्यों में काफी रुचि रहेगी। आप किसी पैतृक संपत्ति को लेकर भी परेशान रहेंगे। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचना होगा। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना अच्छा रहेगा, लेकिन आप अपने धन की स्थिति को देखकर ही धन लगाएं। बिजनेस आपका पहले से बेहतर चलेगा। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, जिससे आपको काफी मुश्किलें आएंगी।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। छोटे बच्चों के साथ आपको कुछ समय बताने का मौका मिलेगा। आप अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपके काम पूरे होंगे। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप अपने पिताजी की किसी बात का बुरा मान सकते हैं। बिजनेस में फेरबदल करने से आपका कोई काम बिगड़ सकता है।

**कर्क** आज आपके सुख-साधनों में वृद्धि होगी। काम को लेकर आपको अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे आपको काम करने में भी खूब मजा आएगा। आप जल्दबाजी में कोई डिसीजन लेकर कोई गड़बड़ी कर सकते हैं और आप अपने किसी काम को लेकर किसी दूसरों पर डिपेंड न रहें। आपको कार्यक्षेत्र में मनपसंद काम मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। जो लोग सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उनको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपके शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आप अपनी इन्कम को ध्यान में रखकर व्यय करें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। यदि कोई शारीरिक समस्या आपको लंबे समय से घेरे हुए थी, तो आप उसे दूर करने की पूरी कोशिश करें। आपको अपनी आर्थिक स्थिति पर पूरा ध्यान देना होगा। धर्म-कर्म के कार्य में आपकी काफी रुचि रहेगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए इन्कम को बढ़ाने वाला रहेगा। परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन हो सकता है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथियों की भावनाओं का सम्मान करें और उनसे कोई ऐसी बात ना बोले लगे, जो कि उन्हें बुरी लगे। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आप कहीं घूमने-फिरने की प्लानिंग करेंगे। आपको काम को लेकर कोई सुझाव दे सकता हैं, जिस पर आप अमल अवश्य करें।

**तुला** आज आपके सभी काम समय से बनने से आपका मन काफी खुश रहेगा। व्यापार में भी कोई डील अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है, लेकिन किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आप कार्यक्षेत्र में किसी दूसरे की गलतियां ना निकालें। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके आपको वापस मिलने की संभावना है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**वृश्चिक** आज आपको किसी काम को कल पर टालने से बचना होगा। करियर को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी सोची समझी साजिशें आपके काम आएंगे। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों के साथ आप कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे दोनों को एक दूसरे के मन में चल रही बातों का भी जानने का मौका मिलेगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आपकी इन्कम भी पहले से बेहतर रहेगी। आपको किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा। आप मौज मस्ती के मूड में रहेंगे, लेकिन आपको पढ़ाई लिखाई के लिए समय निकालने की आवश्यकता है। आपको किसी सगे संबंधी की याद सता सकती है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर होगी। आपके जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। पारिवारिक मामलों को भी आप मिल बैठकर निपटाएंगे। बिजनेस में आपको कुछ समस्याएं आने वाले समय में आपकी थोड़ी टेंशन को दे सकते हैं। यदि आप कहीं घूमने-फिरने जाएं, तो वहां अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें, नहीं तो उनके खोने व चोरी होने का भय सता रहा है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। आप काम को लेकर कुछ नयी कोशिश करेंगे। आपकी मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा। शेयर मार्केट या लॉटरी आदि में निवेश करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपको किसी प्रकार का कोई जोखिम लेने से बचना होगा, क्योंकि इससे बाद में आपको नुकसान अवश्य होगा। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें।

**मीन** आज का दिन आपके लिए इन्कम के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। कोई कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामला भी समाप्त होता दिख रहा है। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं। परिवार में किसी किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी हो सकती हैं। रोजगार को लेकर इधर-उधर भटक रहे लोगों को भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

# भारत की विदेश नीति की नींव मजबूत

**अमित सोमवंशी**

स्वतंत्र भारत के विदेश नीति के जनक पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने गुटनिरपेक्षता को भारतीय विदेश नीति के एक मजबूत स्तम्भ के रूप में स्थापित किया। तत्कालीन गुटनिरपेक्षता को दोनो ध्रुवों से समान दूरी के रूप में व्याख्यायित किया गया जबकि कालांतर में गुटनिरपेक्षता से तात्पर्य भारतीय हितों की रक्षा के लिए दोनो ध्रुवों से समान नजदीकी में हैं। तत्कालीन नव स्वतंत्र भारत के पास दोनो ध्रुवों में बटे विश्व में तीसरे विश्व के नेता के रूप में स्थापित होने का सुनहरा अवसर था और इस अवसर में भारत को स्थापित करने में गुटनिरपेक्षताश् ने मजबूत स्तंम्भ का कार्य किया। गुटनिरपेक्षता की इस नीति के प्रारंभिक दिनों में ही भारत के विदेश नीति की नींव को मजबूत करने में रूस (तत्कालीन सोवियत रूस) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत-रूस (तत्कालीन सोवियत रूस) संबंधों की शुरूआत स्वतंत्रता के तुरंत बाद पण्डित विजय लक्ष्मी को प्रथम भारतीय राजदूत बनाकर रूस भेजने से किया गया। पण्डित विजय लक्ष्मी को नियुक्ति ही रूस के साथ संबंधों की महत्व को बयान करने के लिए काफी है। हालांकि स्टालिन के प्रारंभिक तल्खी के पश्चात डा. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के राजदूत नियुक्त होने पर 1949 में सोवियत संघ से औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित हुआ। सोवियत संघ ने गुटनिरपेक्ष नीति को समर्थन दिया और भारत की स्वयत्त विदेश नीति की सराहना की।

1950 के दशक में भारत की मिश्रित अर्थव्यवस्था में सोवियत संघ की प्रेरणा व सहयोग से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रावधान किया गया। सोवियत संघ ने भारी उद्योग, विज्ञान, उर्जा तकनीकी क्षेत्रों में सहायता प्रदान की। 1955 में स्थापित भिलाई इस्पात संयंत्र इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है। सोवियत संघ ने रक्षा सहयोग, तकनीकी शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की मदद की।

1955 में सोवियत नेता निकिता और बुल्गानिक ने भारत का दौरा किया तथा इसी वर्ष नेहरू ने भी सोवियत संघ की यात्रा की। यह दोनो देशों के बीच विश्वास और सहयोग की भावना को मजबूत किया। वैश्विक मंचो पर कश्मीर मुद्दे को लेकर कई बार सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट्र में भारत का समर्थन किया जबकि भारत ने भी कई मौको पर पश्चिमी दबाव के बावजूद सोवियत संघ की नीतियों के विरोध में मतदान नहीं किया, इस प्रकार गुटनिरपेक्ष होते हुए भी दोनो देशों के बीच सामंजस्य बना रहा।

सोवियत संघ संकट के दौर में भारत के साथ समर्पण भाव में खड़ा रहा। 1962 के भारत-चीन यूद्ध के दौरान भारत को कुटनीतिक समर्थन किया तथा हथियारों की आपूर्ति की। सोवियत संघ ने 21 जैसा लड़ाई विमान दिया तथा भारत के सैन्य अधिकारीयों को प्रशिक्षित किया। ऐसे ही 1965 के भारत-पाक युद्ध के बाद सोवियत संघ ने ताशकंद समझौते में (1966) में मध्यस्थ की भूमिका निभाई। 1971 में भारत और सोवियत संघ के बीच श्भारत-सोवियत मैत्री संधि पर हस्ताक्षर हुए। यह संधि 20 वर्षो के लिए थी और इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना था। भारी उद्योग, इस्पात संयंत्र, बिजली परियोजनाएं, तेल रिफाइनरी और मशीन निर्माण जैसे क्षेत्रों में सोवियत तकनीक और सहायता से भारत ने कई कारखानों की स्थापना की, भिलाई स्टील प्लांट, राउरकेला और बोकारो स्टील प्लांट जैसे प्रतिष्ठान सोवियत सहायता से स्थापित किए गए। सोवियत संघ ने भारत को मिग-21 लड़ाकू विमान तकनीक ट्रांसफर के साथ दी, जो भारत में एचएएल द्वारा बनाए गए। भारत को टी-55 और टी-72 टैंक, सुखोई विमान, सतह आईएनएस विराट जैसे एयरक्राफ्ट कैरियरों के संचालन के लिए तकनीकी मदद दी गई। भारत ने सोवियत संघ से मिग-23, मिग-27 और मिग-29 जैसे उन्नत लड़ाकू विमान प्राप्त किए। पनडृब्बी संचालन और नौसेना क्षमताओं में सोवियत तकनीक और प्रशिक्षण का बड़ा यागदान रहा।

आर्थिक, सामरिक व व्यापारिक सहयोग का यह मजबूत रिश्ता सांस्कृतिक सहयोग में भी नए आयाम तक पहुचा। भारतीय फिल्में भी सोवियत संघ में काफी लोकप्रिय हुई- जैसे आवारा और श्री 420। साहित्य, शिक्षा और भाषा के क्षेत्र में भी सहयोग हुआ- कई विविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाने लगी और रूसी भाषा भारत में लोकप्रिय हुई। शीतयोद्धत्तर विश्व में सोवियत संघ विघटन (1991) के बाद भारत को अपने पुराने रणनीतिक साझेदार की जगह नए रूस के साथ संबंधों की फिर से परिभाषित करना पड़ा। 1991 में दोस्ताना संबंधों और सहयोग की संधि पर हस्ताक्षर हुए। यह संधि द्विपक्षीय सहयोग का नया आधार बनी।भारत ने रूस को सबसे पसंदीदा राष्ट्र का दर्जा दिया। 2000 में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान श्रणनीतिक साझेदारी की घोषणा हुई।

# उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व संपन्न

## दक्षिण बस्तर में धूमधाम से मनाया गया छठ पर्व, छठ पूजा के लिये अल सुबह डंकनी नदी घाट पर श्रद्धालुओं का लगा जमावाड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 28 अक्टूबर।** चार दिनों से चला आ रहा लोक आस्था का महापर्व छठ आज कार्तिक माह के सप्तमी तिथि को सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सम्पन्न हो गया। अर्घ्य देने भोर से ही छठ व्रतधारियों का डंकनी नदी घाट पर जमावाड़ा लगना शुरू हो गया था। उगते सूर्य की पूजा अर्चना पश्चात अर्घ्य देकर छठी मईया से लोगों ने सुख समृद्धि की कामना की।

उत्तर भारतीय समाज के लोगों का प्रमुख पर्व छठ पूजा जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा समेत बचेली, किरंदुल, गीदम व बारसूर क्षेत्र में धुमधाम के साथ मनाया गया। शनिवार शाम षष्ठी तिथि को अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठव्रती कार्तिक पक्ष के सप्तमी तिथि पर मंगलवार अल सुबह डंकनी नदी घाट पर पहुंचकर पारंपरिक रूप से नदी के अंदर कमर तक पानी में घंटों खड़े रहकर उगते सूरज की आराधना की और भगवान भास्कर को दुध से अर्घ्य दिया।

लोक आस्था का महापर्व छठ का हिन्दू धर्म विशेषकर बिहारी समुदाय में विशेष महत्व है। छठ एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें न केवल उदय होते सूरज की पूजा की जाती है बल्कि डूबते सूरज को भी पूजा जाता है। छठव्रतियों ने सोमवार शाम डंकनी नदी घाट पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्यदेवता की पूजा अर्चना की। महिलाओं ने घाट पर बने चौरा मंडप की विधि विधान से पूजा अर्चना कर छठी मईया से पुत्र तथा परिवार की दीर्घायु की कामना की। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद आज सप्तमी तिथि को सुबह पुनः उसी घाट पर पहुंचकर



व्रतधारियों ने उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की पूजा कर परिवार के सुख समृद्धि व शांति की कामना की। अर्घ्य देने घाट पर भोर से ही व्रतियों का आना जाना प्रारंभ हो गया था। व्रती महिलाओं ने पूजा की टोकरी में अलग अलग तरह के फल जैसे- केला, गन्ना, नारियल, सेव अनानास, संतरा, मोसंबी, मूली, सिंघाड़ा आदि पूजन सामग्री सहित सूप को सिर पर रखकर नंगे पांव परिवार समेत डंकनी नदी घाट छठ पूजा स्थल पर पहुंचे। इस दौरान परिवार की महिलाएं छठी मईया की गीत गाते चल रही थी। डंकनी नदी घाट पर पहुंच व्रतधारी महिलाओं ने डंकनी नदी के अंदर घंटों खड़े रहकर उदयीमान होते सूर्य को नमन कर विधिवत छठी मैया की पूजा की। पुरूषों ने भी कच्चे दुध से अर्घ्य देकर सूर्यदेवता की आराधना की। इस मौके पर व्रतियों ने छठी मईया के गीत भी गाए। यूपी बिहार का पारंपरिक व्यंजन ठेकवां का भोग सूर्यदेव को चढ़ाया गया। ठेकवा के अलावा सिंघाडा, सीताफल, अमरूद, गन्ना, सेव-केला, अदरक, हल्दी, नींबू, घाघर, शकरकंद व अन्य फल अर्पित किए गए। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही 36 घण्टे से चला आ रहा व्रतियों के निर्जला उपवास का कठिन दौर आज समाप्त हो गया। पर्व समापन पश्चात घाट पर ही सभी लोगों ने एक दूसरे को प्रसाद वितरण कर छठ पर्व की शुभकामनाएं दी।

## समाचार संक्षेप

# एक लाख प्रतिभाओं के साथ शुरू हुआ बस्तर ओलंपिक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 28 अक्टूबर।** बस्तर की धरती एक बार फिर खेलों की ऊर्जा और जनभागीदारी से खुश है। लोहंडीगुड़ा, बस्तर बस्तर ओलंपिक 2025 की शुरुआत पूरे जिले में हो चुकी है। तोकापाल ब्लॉकों में ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित खेलों में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। बताया गया कि बस्तर ओलंपिक 2025 के लिए अब तक 95 हजार 580 खिलाड़ियों ने पंजीयन करा लिया है।

स्पर्धा के दौरान शामिल अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह बस्तर की एकता, जनभागीदारी और खेल संस्कृति का पर्व है। यहाँ हर खिलाड़ी बस्तर की नई पहचान बना रहा है। ग्राम पंचायत मांदर लोहंडीगुड़ा में महिला रस्साकशी प्रतियोगिता के साथ बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ हुआ। महिलाओं की टीमों ने शानदार प्रतिस्पर्धा करते हुए ग्रामीण खेलों की परंपरा को नया जीवन दिया, वहीं ग्राम पंचायत टाकरागुड़ा में पुरुष और महिला वर्ग के खिलाड़ियों के बीच कबड्डी, दौड़, खो-खो, वॉलीबॉल जैसे मुकाबले हुए। इधर बस्तर और तोकापाल ब्लॉकों में भी ग्राम स्तरीय आयोजन खेलों के इस महाकुंभ का प्रतीक बन गए हैं। जहाँ हर गांव में उत्सव का वातावरण और खेल भावना का अद्भुत संगम दिखाई दिया।




■ लोहडीगुड़ा, गुड़ा, बस्तर और तोकापाल में संपन्न हुई कई खेल विधाएं

### अब तक 1 लाख का पंजीयन

बस्तर ओलंपिक 2025 के लिए सोमवार तक 39, 820 महिलाएँ और 55, 760 पुरुष खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। यह भागीदारी अपने आप में ऐतिहासिक है। कार्यक्रमो में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम पंचायत मांदर तथा टाकरागुड़ा पंचायत की सरपंच, अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, पंच-सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने 20 फीट ऊंचे नक्सली स्मारक को किया ध्वस्त



**बीजापुर, 27 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र अंर्तगत नेशनल पार्क के ग्राम पील्लूर में डीआरजी, सीआरपीएफकी 214वीं बटालियन और कोबरा की 206वीं बटालियन की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के बनाए 20 फीट ऊंचे स्मारक को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई नेशनल पार्क क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष नक्सल विरोधी अभियान का हिस्सा थी। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, यह स्मारक नक्सलियों ने अपने मारे गए साथियों की याद में बनाया था और इसे अपनी विचारधारा के प्रचार-प्रसार के प्रतीक स्थल के रूप में उपयोग किया जाता था। इस कार्रवाई के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई नक्सलियों के मनोबल को कमजोर करने और क्षेत्र में शासन की पकड़ मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नक्सलियों के खिलाफप्रभावी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### चक्रवात मोन्था के असर से हुई बारिश, वाल्टेयर रेलमंडल की 29 ट्रेनें रद्द

**जगदलपुर, 27 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बंगाल की खाड़ी से उठे तूफानी चक्रवात मोन्था का खासा असर दक्षिण छत्तीसगढ़ पर पड़ता दिख रहा है। सुबह से बादल छाए रहने के दौरान जहां धूप-छांव का खेल जारी रहा, वहीं दोपहर बाद अचानक काले बादल घिर गए। इसके साथ ही तापमान में भी गिरावट दर्ज की गयी है। इधर मौसम विभाग ने भी तूफानी चक्रवात के असर से भारी बारिश की संभावना जताई है। 29 ट्रेनों को रद्द करने के साथ ही वाल्टेयर रेलमंडल ने एक ट्रेन को डाइवर्ट कर दिया है। दूसरी तरफस्थानीय प्रशासन ने भी प्रभावित जिलों में अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने तूफानी चक्रवात मोन्था के असर से दक्षिण छत्तीसगढ़ के जिलों के कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना है। वहीं मंगलवार को भी कुछ जगहों पर भारी और एक-दो जगहों पर अतिभारी बारिश संभव है।



# राज्य सरकार का संकल्प विकास का लाभ हर गांव तक पहुंचे:किरण

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने चांदामेटा, छिंदगुर, मुण्डागढ़ एवं कोलेंग में करोड़ों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 28 अक्टूबर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम चांदामेटा, मुण्डागढ़ एवं कोलेंग में आयोजित कार्यक्रम में 02 करोड़ 36 लाख की लागत से कई विकास कार्यों की सौगात दी।

आज सोमवार को आज आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली 'सुशासन की सरकार' में मातृशक्ति को विशेष सम्मान मिला है, और अब हर गाँव में विकास की नई पहचान बनेगी। ग्रामवासियों के मांग के अनुरूप चांदामेटा में 02 किलोमीटर सड़क निर्माण की घोषणा किया। जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा

इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों के तहत, ग्राम पंचायत दंामेटा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण लागत 10 लाख, प्राथमिक शाला भवन 20 लाख, आंगनबाड़ी भवन 11.69 लाख रुपए व अन्य कार्यों का



लोकार्पण किया गया। वहीं मुण्डागढ़ पंचायत में प्राथमिक शाला भवन निर्माण का लागत 15 लाख का लोकार्पण किया गया। वहीं कोलेंग पंचायत में आडिटोरियम हाल लागत 19.65 लाख , बाजार शेड 20 लाख , आंगनबाड़ी भवन 11.70 लाख, महतारी सदन 25 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 12 लाख एवं पंचायत क्षेत्र में विभिन्न सी सी सडक निर्माण, पुलिया निर्माण, किचन शेड, बाऊण्डीवाल , एवं बोर खनन एवं अन्य मूलभूत विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया।

लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग और हर गाँव तक पहुँचे। देव ने कहा आप सभी ग्रामवासियों के मांग के अनुरूप आपके क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। चांदामेटा में सामुदायिक भवन, मुण्डागढ़ पंचायत में प्राथमिक शाला भवन, आंगनबाड़ी भवन, सी सी सडक, पुलिया निर्माण एवं कोलेंग में आडिटोरियम हाल, बाजार शेड, आंगनबाड़ी भवन, सामुदायिक भवन एवं मूलभूत सुविधा सी सी सडक, पुलिया निर्माण, शाला भवन व अन्य विकास कार्य क्षेत्र में किया गया। हमारे सरकार के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य जारी रहेगा। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर में विकास की नई दिशा देने का कार्य किया जा रहा है। वहीं चांदामेटा में 80 सीआरपीएफ बटालियन द्वारा सामुदायिक भवन में ग्रामवासियों के लिए टेंट सामग्री का वितरण किया गया। जिससे आपको सुविधा होगी। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने स्पष्ट किया कि, महतारी सदन केवल एक भवन नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और नेतृत्व सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो और जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ़्तार अब और तेज़ होगी।

वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे ने कहा भाजपा सरकार के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र व छत्तीसगढ़ राज्य में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं।

# आंगन में सो रहे युवक की हत्या के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 28 अक्टूबर।** जिले के बचेली थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम बहेनार के मंझारपारा में बीते दिनों एक युवक राजू कर्मा की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गयी थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की विवेचना में आरोपी पोदिया कर्मा उम्र 50 को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी ने हत्या की वजह बताया कि मृतक ने उसे कुछ वर्ष पहले किसी विवाद के चलते उसके साथ मारपीट किया था, जिसका बदला लेने के लिए उसकी हत्या कर दी।

दंतेवाड़ा एडिशनल एसपी आरके बर्मन ने बताया कि प्रार्थिया रामबती कर्मा ने 15 अक्टूबर को थाना आकर मामला दर्ज कराई कि गांव में नवाखानी त्यौहार मनाने का कार्यक्रम था। नवाखानी त्यौहार मनाने के एक दिन पहले 14 अक्टूबर को गांव में नया खानी त्यौहार था, रात्रि लगभग 8 बजे राजू कर्मा अपने घर आंगन के बीच में बने झोपड़ी में खाट में सोया था, तथा उसकी पत्नि कमरा अंदर सो गई थी, रात्रि को जब प्रार्थिया उठी तो देखी इसका पति राजू कर्मा ठीक-ठाक सोया हुआ था, लेकिन सुबह 4 बजे उठी और



अपने पति के पास जाकर देखी खाट के नीचे खून बह रहा था, जिसे देखी राजू कर्मा के गर्दन के दाहिने तरफ कटा हुआ था, खून निकलने के साथ ही मौत हो चुकी थी, प्रार्थिया की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच में लिया गया।

आरोपी की पतासाजी के दौरान लगातार परिजन, ग्रामीणों एवं संदेहियो से पूछताछ किया गया, 26 अक्टूबर को संदेही पोदिया कर्मा उम्र 50 वर्ष निवासी बहेनार मंझारपारा थाना बचेली जिला दंतेवाड़ा के बहेनार मंझारपारा में पहुंचकर आरोपी पोदिया कर्मा को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछ-ताछ करने पर राजू कर्मा ने हत्या करने की बात स्वीकार किया। आरोपी पोदिया कर्मा ने पुलिस को बताया कि कुछ वर्ष पूर्व मृतक के साथ किसी विवाद में मृतक ने आरोपी के साथ मारपीट किया था। इसी बात को आरोपी मृतक राजू से रंजिश रखा हुआ था, तथा मौके के तलाश में रह रहा था। घटना के दिन लोहे के पटासी से मारकर हत्या किया था, पटासी को आरोपी के घर बहेनार मंझारपारा से जप्त किया गया है, आरोपी पोदिया कर्मा को गिरफ्तार कर कार्यवाही उपरांत आज सोमवार को न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया।

### बस्तर संभाग के 5 जिलों भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी, किसान चिंतित

**जगदलपुर, 27 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ मे बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव अब चक्रवाती तूफान में बदल गया है, इसके असर से अगले 3 दिनों तक बस्तर संभाग के 5 जिलों नारायणपुर, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा में भारी बारिश रेड अलर्ट जारी किया है, वहीं कोंडागांव, कांकेर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कल 28 अक्टूबर को बस्तर संभाग के अधिकांश जिलों में 60 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती हैं। तेज हवा और बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसल के खराब होने की आशंका से बस्तर के किसान चिंतित हैं। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में एक गहरा अवदाब (मजबूत सिस्टम) बना हुआ है। इसके चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। इस वजह से 28 अक्टूबर को बस्तर संभाग के अधिकांश जिलों में 60 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। यह अधिकतम 80 किमी तक पहुंच सकती है। इससे बस्तर संभाग में तेज हवा चलने के साथ भारी बारिश होगी। 28 अक्टूबर को दक्षिण छत्तीसगढ़ के 5 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है, इनमें नारायणपुर, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा 5 शामिल है। वहीं कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, गरियाबंद में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की भी आशंका है।

# नक्सली दहशत के कारण पीएम नहीं करवाया एफआईआर के लिए अस्थियों को सबूत बनाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 28 अक्टूबर।** जिले के उसूर थाना क्षेत्र के नेलाकांकेर गांव में शुक्रवार रात दो ग्रामीणों रवि कट्टम एवं तिरुपति सोढी की नक्सलियों ने धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी थी। हत्या के बाद इलाके में नक्सलियों की ऐसी दहशत है, कि शनिवार रात तक परिजन थाने तक नहीं पहुंचे। शवों का पोस्टमार्टम तक नहीं करवाया, रविवार को परिजनों ने दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया।

अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस और जवान भी मौके पर पहुंचकर पीएम के लिए कहा, लेकिन नक्सली भय से किसी की नहीं सुनी गई। आज सोमवार को पुलिस ने अस्थियों को जब्त कर पंचनामा तैयार करने और एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की है। बीजापुर एएसपी चंद्रकांत गौवर्ना ने बताया कि पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है, क्योंकि परिजनों ने इससे पहले ही शवों का अंतिम संस्कार कर दिया। अब कानूनी प्रक्रिया के तहत अस्थियों को सबूत के रूप में लिया जा रहा है।

गौरतलब है कि बीजापुर में नक्सली आतंक की यह ताजा घटना तब हुई है, जब बस्तर के अन्य जिलों में नक्सली बडे पैमाने पर आत्मसमर्पण कर रहे हैं, वहां नक्सलवाद कमजोर पड़ा है। इस बीच बीजापुर अब भी नक्सलियों के खौफमें जी रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक नक्सलियों ने हत्या के बाद परिजनों को चेतावनी दी कि अगर पुलिस में रिपोर्ट की, तो अंजाम बुरा होगा। बता दें कि यह इलाका तेलंगाना सीमा से लगा है। नंबी इलाके में सड़क, पुल-पुलिया नहीं बन पाए हैं, जिससे यहां नक्सली आसानी से सीमा पार आना-जाना करते हैं, आज भी इस इलाके से नक्सलियों का भय खत्म नहीं हो पाया है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों को 25 दिनों से नसीब नहीं हो रहा रेडी-टू-ईट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ बस्तर में अटक गई है बच्चों को सुपोषित करने की महत्वपूर्ण योजना

■ विभागीय अधिकारी नहीं दे रहे है ध्यान, भुगत रहे बस्तर जिले के मासूम बच्चे

**जगदलपुर, 28 अक्टूबर।** बस्तर जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में पिछले 25 दिनों से रेडी-टू-ईट फूड का वितरण पूरी तरह ठप है। 1 अक्टूबर से बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को यह पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है। फिलहाल केंद्रों में केवल गरम भोजन और नाश्ता परोसा जा रहा है, जिससे कुपोषण दूर दूर करने की सुपोषित योजना अटक गई है।

ज्ञात हो कि राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव में किए गए वादे के अनुसार, रेडी-टू-इंट फूड निर्माण की जिम्मेदारी अब महिला स्व-सहायता समूहों को सौंप दी है। पहले इसका निर्माण और वितरण बीज निगम के माध्यम से किया जाता था। हालांकि नई व्यवस्था के लागू होने में विलंब के कारण जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरण बंद पड़ा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि बच्चों को फिलहाल केंद्रों में गरम भोजन तो दिया जा रहा है, लेकिन जिस मात्रा में उन्हें रेडी-टू-इंट से पोषक तत्व मिलने थे, वह नहीं मिल पा रहे हैं। इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने की आशंका है। मिली जानकारी के अनुसार, बस्तर जिले में करीब 2 हजार आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें लगभग 80 हजार बच्चे पंजीकृत हैं। इनमें करीब 20 हजार बच्चे कुपोषित श्रेणी में हैं। रेडी-टू-इंट फूड इन बच्चों के लिए सबसे महत्वपूर्ण पोषण स्त्रोत माना जाता है, लेकिन पिछले 25 दिनों से वितरण न होने से कुपोषित बच्चों की संख्या में और बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है।

**दो ब्लॉकों में ही लग पाई मशीनें, वहां भी उत्पादन नहीं:** महिला एवं बाल विकास विभाग को मिली जिम्मेदारी के बावजूद रेडी-टू-ईट उत्पादन इकाइयाँ अब तक केवल दो ब्लॉक जगदलपुर और बस्तर तक सीमित है। इन दोनों स्थानों पर मशीनें तो स्थापित कर दी गई हैं, लेकिन उत्पादन कब शुरू होगा, इसकी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सिन्हा ने कुछ सप्ताह पहले बताया था कि जगदलपुर ब्लॉक के तुरेनार में 25 सितंबर तक उत्पादन शुरू हो जाएगा, परंतु यह प्रक्रिया अब तक आरंभ नहीं हो पाई है। वहीं सोनार क्षेत्र में लगाई जाने वाली मशीनों का इंस्टॉलेशन कार्य भी अधूरा है।

### इन महिला समूहों को सौंपी गई है जिम्मेदारी

रेडी-टू-इंट फूड उत्पादन के लिए कुल 6 महिला स्व-सहायता समूहों को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें जगदलपुर ब्लॉक के महिला स्व सहायता समूह को शहरी एवं ग्रामीण परियोजना दोनों की जिम्मेदारी मिली है। बकावंड-01 और बकावंड-02 ब्लॉकों के लिए मां दंतेश्वरी साथी स्व-सहायता समूह। बस्तर ब्लॉक में जय बालाजी महिला स्व-सहायता समूह। दरभा ब्लॉक में माँ जलनी माता महिला स्व-सहायता समूह। बास्तानार ब्लॉक में महिला गंगा स्व-सहायता समूह और लोहंडीगुड़ा ब्लॉक में मां दंतेश्वरी महिला स्व-सहायता समूह शामिल हैं।

## पुराने ग्रंथालय में धूमधाम से से मनाया गया विश्व लैब टेक्निशियन दिवस

# विपरीत परिस्थितियों में भी अपना दायित्व निभा रहे लैब टेक्निशियन : चैतराम

■ माइक्रोस्कोप के जनक एंटोनी ल्यूवेन हाक के योगदान को किया याद

**दंतेवाड़ा, 28 अक्टूबर।** सोमवार को छ0ग0प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के तत्वाधान में भव्य लैब टेक्निशियन दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी तथा विशिष्ट अतिथि नगर पालिका दंतेवाड़ा की अध्यक्ष पायल गुप्ता, पार्षद अनिता शर्मा दिक्षित, एवं अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ0 अभय प्रताप सिंह तोमर की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत मां दंतेश्वरी देवी के छायाचित्र पर मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तदोपरांत प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांत उपाध्यक्ष आर.के. जाटव, स्वा0कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष चंचल देवांगन एवं जिला अस्पताल संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर, सचिव मोहन समरथ ने मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी एवं विशिष्ट अतिथि पायल गुप्ता को बैच लगाकर एवं गुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। विश्व लैब टेक्निशियन दिवस के अवसर पर विधायक चैतराम अटामी ने माइक्रोस्कोप के जनक एंटोनी ल्यूवेन हॉक को याद कर उन्हें नमन किया। स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित करते श्री अटामी ने कहा कि बहुत ही खुशी का अवसर है कि आज हम सब मिलकर विश्व टेक्निशियन दिवस मनाने एकत्र हुए हैं। आज मेडिकल साइंस बहुत तरक्की कर चुका है। पहले के समय में अस्पतालों में सुविधाओं का



अभाव हुआ करता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। साइंस के मामले में हमारे वैज्ञानिक नित नए आयाम गढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हैं जिसके बाद ही डॉक्टर ईलाज शुरू करते हैं इस लिहाज से टेक्निशियनों का कार्य बहुत ही अहम हो जाता है। विपरीत परिस्थितियों में भी मेडिकल लैब टेक्निशियन अपनी जान जोखिम में डालकर स्वास्थ्य परीक्षण करते हैं। विधायक चैतराम ने यह भी कहा कि जिला अस्पताल में अगर किसी चीज की कमी है। बेहतर से बेहतर ईलाज के लिए जिस भी मशीन या एक्यूपमेंट की आवश्यकता होगी उसे मुझे अवगत करावें ताकि मैं स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा कर उस कमी को दूर करने का प्रयास कर सकूं। पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा लैब टेक्निशियन दिवस पर उपस्थित सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते कहा कि आप लोगों के काम की जितनी भी तारीफ की जाए कम है क्योंकि हम सबने देखा है कि कोरोना जैसी भीषण त्रासदी के समय जब एक इंसान दूसरे इंसान को छु भी नहीं सकता था ऐसे समय में भी लैब टेक्निशियनों ने खून एवं थूक का जांच परीक्षण कर लोगों को बीमारी से बचाया। ऐसे देवतुल्य जिले के समस्य स्वास्थ्य कर्मचारियों को मेरा नमन है। जब तक किसी भी मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण नहीं होता तब तक डॉक्टर भी अपना ईलाज शुरू नहीं करते इस लिहाज से लैब टेक्निशियनों का हमारे जीवन में बहुत ही अहम योगदान है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन अभय तोमर ने कहा कि लैब टेक्निशियन मॉडर्न साइंस के रीढ़ की हड्डी हैं जब तक सही जांच ना हो पाएगा तब तक डॉक्टर भी मरीज का सही इलाज नहीं कर सकता। इसलिए जांच अवश्य कराएं। लैब टेक्निशियन पूरी ईमानदारी से अपना कर्तव्य विपरीत परिस्थितियों में भी निभा रहे हैं इसके लिए मैं अपने सभी टेक्निशियनों को धन्यवाद देता हूं। श्री तोमर ने यह भी कहा कि सिविल सर्जन होने के नाते मैं पूरी तटस्थता के साथ अस्पताल के सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ पूरी ताकत के साथ हमेशा खड़ा हूं जहां भी मेरी आवश्यकता होगी मैं हर संभव समस्याओं को दूर करने में आपका सहयोग करूंगा। कार्यक्रम के अंत में सिविल सर्जन श्री तोमर ने विधायक श्री अटामी को मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम का मंच संचालन टेक्निशियन मोहन समरथ ने किया।

## राठिया और राज्यसभा सांसद सिंह ने यूनिटी मार्च की तैयारियों के संबंध में ली समीक्षा बैठक

# सरदार पटेल की विरासत और उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने 12 नवंबर को जिले में होगा यूनिटी मार्च



**रायगढ़, 28 अक्टूबर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150 जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 12 नवम्बर को यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया और राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था, जनभागीदारी तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की।

लोकसभा सांसद श्री राठिया ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को नमन करने और उनकी एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रायगढ़ में 'यूनिटी मार्च' का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सबकी सामूहिक सहभागिता से यह कार्यक्रम भव्य रूप लेगा और रायगढ़ जिले को एक नई पहचान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सांसद श्री राठिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में युवाओं, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह आयोजन पूरे क्षेत्र की पहचान बन सके। उन्होंने आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए गांव-गांव में मुनादी कराने, दीवार लेखन करने और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय पर और सुव्यवस्थित तरीके से पूर्ण की जाएँ, ताकि आयोजन सफल, भव्य और प्रेरणादायी बन सके। सांसद श्री सिंह ने कहा कि इस अवसर पर महापुरुषों के योगदान को स्मरण करने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के वीर शहीदों के बलिदान और योगदान से लोगों को अवगत कराया जाए, ताकि नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा मिल सके। बैठक में उपस्थित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम की रुपरेखा के संबंध में अपने-अपने सुझाव दिए।डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150 जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में यूनिटी मार्च का आयोजन 12 नवम्बर को सुबह घरघोड़ा से प्रारंभ होकर तमनार में संपन्न होगी। यह पदयात्रा 12 कि.मी. की होगी, जिसमें स्कूल, कालेज के छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, एनएसएस, एनसीसी, माय भारत वॉलियेन्टर भाग लेंगे। यह पदयात्रा घरघोड़ा के गायत्री मंदिर से शुरू होकर हाईस्कूल मैदान घरघोड़ा, घरघोड़ा से झरियापाली, झरियापाली से देवगढ़, देवगढ़ से जरेकेला, जरेकेला से बासनपाली एवं बासनपाली से तमनार में संपन्न होगी। यूनिटी मार्च से पूर्व लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत और उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और सेवा भावना के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर वाद-विवाद, निबंध, कला एवं पोस्टर प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी, जिनमें मुख्य रूप से बारडोली सत्याग्रह, 'सरदार' की उपाधि की पृष्ठभूमि, 565 रियासतों का विलय, ऑल इंडिया सर्विसेज की स्थापना तथा सरदार पटेल के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों को विषय बनाया जाएगा। साथ ही योग एवं फिटनेस शिविर, नुक्कड़ नाटक, और नशा मुक्ति के लिए युवा शपथ कार्यक्रम भी होंगे। कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप परीक्षण, डायबिटीज टेस्ट और टीकाकरण जैसी सेवाएँ प्रदान की जाएँगी। इसके अतिरिक्त, पदयात्रा मार्ग एवं स्थानीय सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा, जिससे स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया जा सके।

इस अवसर पर श्री अरूणधर दीवान, श्री जतीन साव, श्री नरेश पंडा, श्री पवन शर्मा, श्री सनत नायक, श्री अंशु टुटेजा, श्री अशोक अग्रवाल, श्री मनीष शर्मा, श्री विकास केशरवानी, श्री कैलाश यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ट्रेन से टकराने पर लोडर ऑपरेटर की दर्दनाक मौत, जांच के आदेश

**कोरबा 28 अक्टूबर ।** जिले की एसईसीएल गेवरा परियोजना में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेलवे साइडिंग क्षेत्र में कार्यरत निजी कंपनी एमध्यस एसीबी का एक लोडर ऑपरेटर मालगाड़ी में कोयला लोड कर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रेन के मूवमेंट में आने से लोडर ट्रेन से टकरा गया, जिससे ऑपरेटर की मौके पर ही मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ जब कोयला भरने का कार्य जारी था। बताया जा रहा है कि लोडर ऑपरेटर वाहन को पीछे करते समय अनजाने में रेलवे ट्रैक के बहुत करीब पहुंच गया, तभी अचानक ट्रेन चल पड़ी और लोडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोडर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक अंदर ही फंस गया।सूचना मिलते ही गेवरा प्रबंधन, सुरक्षा दल और पुलिस मौके पर पहुंचे। ऑपरेटर को निकालने के प्रयास किए गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सहकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही का आरोप लगाते हुए रेल साइडिंग क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने और स्पष्ट संकेत व्यवस्था की मांग की है। वहीं प्रबंधन ने हादसे की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं और सुरक्षा मानकों की समीक्षा करने की बात कही है।

### पारिवारिक एवं सामाजिक उत्सव का केंद्र बन रहा है सेजेस सिंगपुर

**धमतरी, 28 अक्टूबर ।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालय को सामाजिक जन चेतना का केंद्र बनाने हेतु सेजेस सिंगपुर के शिक्षकों के द्वारा सतत प्रयास जारी है।जब से सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम चलाया जा रहा है तब से नियमित समुदाय के लोग विद्यालय से जुड़ रहे हैं। अब हालात यह है कि लोग अपने जन्म दिन,बच्चे के जन्म दिन,वैवाहिक वार्षिक उत्सव,पुण्य स्मृति ,प्रियजन की स्मृति के बहाने स्कूल पहुंचकर नेवता भोज के साथ साथ स्कूल को कुछ न कुछ भेंटकर समृद्ध कर रहे हैं। ज्ञात हो कि समुदाय के समर्थन से स्थापित विद्यालय थाती को विविध पुस्तकें देकर समृद्ध बनाने का काम समाज के हर तबके के लोग कर रहे हैं। इसी परंपरा के निर्वहन हेतु टिकेश्वर ध्रुव ने अपने बेटे ओजस के जन्म दिन पर सेजेस सिंगपुर पहुंचकर प्रेरणादायी एवम प्रतियोगी परीक्षा से सम्बंधित एक दर्जन किताबें एवं अंग्रेजी की डिक्शनरी विद्यालय को भेंट की। इस अवसर पर सिंगपुर के सरपंच लोमेश्वर साहू,डॉ हेमन्त साहू, सफीना बानो, राधेलाल सिन्हा उपस्थित थे। टिकेश्वर ध्रुव की इस पहल के प्रति विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य एवम समस्त शिक्षकों ने कृतज्ञता ज्ञापित कर उन्हें आश्वस्त किया गया है कि समुदाय से प्राप्त प्रत्येक सामग्री का सदुपयोग बच्चों के अधिगम में वृद्धि हेतु किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने वाचनालय पहुंचकर वाचनालय प्रभारी श्रीमती मोनिका रावटे से बच्चों के द्वारा पढ़ी जाने वाली पुस्तकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पुस्तक पढ़ने का आह्वान किया।बच्चों ने इस अवसर पर मन लगाकर पढ़ने का संकल्प लिया।

### मोदी की मन की बात समाज में सकारात्मकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करता है : डीपेन्द्र

**धमतरी, 28 अक्टूबर ।** ग्राम सांकरा स्थित जरही माता मंदिर परिसर में रविवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक संवाद कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता डीपेन्द्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति, धमतरी के सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को श्रद्धा और उत्साह के साथ सुना तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। श्री डीपेन्द्र साहू ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम से देशभर के नागरिकों को प्रेरणा मिलती है। यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मकता, स्वावलंबन और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करता है। विशेष रूप से दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं और उनके उत्थान के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति के संरक्षक बसंत कुमार बिश्नोई, समिति की अध्यक्ष श्रीमती संतोषी बिश्नोई, सेवानिवृत्त शिक्षक श्री घनश्याम सिंह साहू, रोहित साहू, डेरहाराम, नीलकंठ, सुलोचना, सुलेखा अली, शिवचरण, श्री सोमन मेश्राम, श्रीमती मिलाप, श्री पोषण सिंहा, होलाराम, तीजनबाई सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात करते हुए समाज सेवा, जनकल्याण और स्वावलंबन के मार्ग पर अग्रसर रहने का संकल्प लिया।

# अतिक्रमण करने वाले 20 व्यवसायियों पर 28,100 रुपये की चालानी कार्रवाई



**रायगढ़, 28 अक्टूबर।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में नगर निगम रायगढ़ की संयुक्त टीम द्वारा शहर के प्रमुख सड़कों एवं चौक-चौराहों पर व्यापक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क बाधा उत्पन्न करने वाले 20 व्यवसायियों पर कुल 28,100 रुपये का चालान काटा गया। कार्रवाई का उद्देश्य शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना तथा सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना था। निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय के नेतृत्व में यह अभियान आलोक सिटी मॉल से प्रारंभ हुआ, जो सुभाष चौक, बुजी भवन चौक, श्याम टॉकीज रोड, सिविल लाइन, सेवाकुंज होते हुए केएमटी कॉलेज रोड और रूपेंद्र पटेल हॉस्पिटल के सामने तक संचालित हुआ।

इस दौरान आलोक सिटी मॉल, विशाल मेगा मार्ट और जगतरामका सहित कई प्रतिष्ठानों द्वारा किए गए अतिक्रमणों को तत्काल हटाया गया। निगम की टीम ने नालों की सफाई के साथ सड़क किनारे रखे गए अवैध ढांचे, छज्जे और फुटपाथ पर रखे समान को हटाते हुए मार्ग को अवरोधमुक्त किया। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने कहा कि यह शहर हम सबका अपना घर है। इसकी स्वच्छता और यातायात व्यवस्था को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। नागरिक अपने प्रतिष्ठानों के बाहर अतिक्रमण न करें, सड़क किनारे कचरा न फेंकें और निगम के चिन्हांकित वाहनों को ही सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग सौंपें। उन्होंने व्यवसायियों से अपील की कि वे निगम के स्वच्छता अभियान में सहयोग करें और सड़क किनारे या नालों पर किसी भी प्रकार का निर्माण या अतिक्रमण न करें। इस कार्रवाई में कार्यपालन अभियंता श्री अमरेश लोहिया, सहायक अभियंता, उप अभियंता एवं राजस्व विभाग की टीम सक्रिय रूप से शामिल रही।

### धमतरी में पत्थर से कुचले मिले शव के मामले का निराकरण

**धमतरी, 28 अक्टूबर ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, धमतरी पुलिस की अलग-अलग टीम गठित कर कुरूद थाना एवं सायबर टीम एवं एफएसएल टीम के सहयोग से ग्राम करगा एवं चटौद पुल के पास हुई हत्या के मामले का तत्परता से खुलासा किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण : करगा-चटौद पुल के नीचे एक युवक का शव मोटरसाइकिल सहित मृत अवस्था में पाए जाने की सूचना दिनांक 22 अक्टूबर 2025 को गिरीश कुमार महार द्वारा सुबह बिरेझर चौकी में प्राप्त हुई।

## संत जलाराम बापा जयंती महोत्सव 29 को,तैयारियां पूर्ण,पूर्व संध्या पर निकलेगी बाइक रैली

**धमतरी, 28 अक्टूबर ।** स्थित जलाराम बापा मंदिर परिसर में तथा श्री गुजराती समाज भवन मे परम पूज्य संत शिरोमणि श्री जलाराम बापा की 226वीं जयंती बड़े श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जाएगी। यह आयोजन ट्रस्ट मंडल श्री जलाराम बापा मंदिर ट्रस्ट, मठ मंदिर चौक धमतरी तथा श्री गुजराती समाज, धमतरी द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री जलाराम मन्दिर मे प्रातः 4:30 बजे मंगल आरती से होगा, जिसके पश्चात नियमित आरती सुबह 7:45 बजे और नारायण भोग आरती 11:30 बजे संपन्न होगी। दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक महाप्रसादी का आयोजन रहेगा, जिसमें भक्तगण सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण करेंगे।

सायंकालीन भजन संध्या का आयोजन शाम 4:00 बजे से 5:30 बजे तक किया जाएगा, जिसके उपरांत महाआरती व नियमित आरती सायं 5:45 बजे संपन्न होगी। इस आयोजन में श्री जलाराम महिला सत्संग मंडल की विशेष सहभागिता रहेगी।जलाराम बापा मन्दिर ट्रस्ट समिति तथा श्री गुजराती समाज ने सभी श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संत श्री जलाराम बापा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।मंदिर प्रबंधन ने बताया कि प्रत्येक गुरुवार को मंदिर परिसर में खिचड़ी प्रसादी की व्यवस्था नियमित रूप से की जाती है। साथ ही भक्तगण अपने जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ या अन्य शुभ अवसर मंदिर में मनाने हेतु संपर्क कर सकते हैं

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह में कलेक्टर ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई



**रायगढ़, 28 अक्टूबर।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 27 अक्टूबर से 02 नवंबर तक 'सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी' थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज जिला कलेक्टोरेट परिसर में सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ ली। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई।

संयुक्त कलेक्टर श्रीमती बंसल ने कहा कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। इसके उन्मूलन के लिए सरकार, नागरिकों और निजी क्षेत्र सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहते हुए ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध रहना चाहिए तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।शपथ ग्रहण के दौरान सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया कि वे जीवन के हर क्षेत्र में ईमानदारी और कानून के नियमों का पालन करेंगे। न तो रिश्वत लेंगे, न देंगे और अपने सभी कार्य पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ करेंगे। उन्होंने यह भी प्रतिज्ञा की कि वे जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने आचरण में ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे तथा भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी घटना की सूचना उचित एजेंसी को देंगे।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों ने मरीज के परिजनों से की मारपीट, शिकायत दर्ज

**कोरबा 28 अक्टूबर ।** जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों द्वारा मरीज के परिजनों से मारपीट का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात गार्डों ने एक मरीज की पत्नी के साथ बदसलूकी की और बीच-बचाव करने आए मरीज को भी घायल कर दिया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, 55 वर्षीय कालीचरण बंजारे और उनकी बेटी पिछले कुछ दिनों से बीमार हैं और अस्पताल के पुरुष एवं महिला वार्ड में अलग-अलग भर्ती हैं। उनकी देखरेख कर रही पत्नी ऋषि बंजारे दोनों वार्डों के बीच आ-जा रही थीं। इसी दौरान ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया और कथित तौर पर उनसे धक्का-मुक्की व मारपीट की।

पीड़ित परिवार के बेटे आयुष बंजारे ने बताया कि उनकी मां को अपनी बहन की तबीयत खराब होने के कारण ऊपर-नीचे आना पड़ रहा था, जिसकी जानकारी गार्डों को पहले ही दी गई थी। इसके बावजूद गार्डों ने विवाद शुरू कर दिया और उनकी मां के बाल खींचते हुए हाथापाई की। शोर सुनकर कालीचरण बीच-बचाव करने पहुंचे, तो गार्डों ने उनके हाथ में लगी नीडल खींच दी, जिससे खून बहने लगा। घटना के बाद उनकी पत्नी का ब्लड प्रेशर बढ़ गया और उन्हें भी इलाज की जरूरत पड़ी।परिजनों का कहना है कि सुरक्षाकर्मियों को स्थिति को समझना चाहिए था, न कि हिंसक व्यवहार करना चाहिए था। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और पुलिस से शिकायत कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।घटना में शामिल सुरक्षाकर्मी कामथेंन कंपनी के बताए जा रहे हैं। कंपनी में करीब 100 कर्मचारी कार्यरत हैं और करोड़ों रुपये का टेंडर शामिल है। इस मामले में जब कंपनी के अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि वे छुट्टी पर हैं और सुपरवाइजर से बात करने को कहा।गौरतलब है कि जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में यह पहली बार नहीं है जब सुरक्षाकर्मियों द्वारा मरीजों या परिजनों के साथ दुर्व्यवहार का मामला सामने आया हो। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने और ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### बिलासपुर में धर्मांतरण के मामले में 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर, 28 अक्टूबर ।** जिले के मस्तूरी थाना क्षेत्र के हिर्री गांव में धर्मांतरण के मामले ने एक बार फिर विवाद को हवा दे दी है। गांव के एक खाली मकान में सोमवार को प्रार्थना सभा के नाम पर बैठक रखी गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए थे। हिंदू संगठनों का आरोप है कि इस सभा के दौरान लोगों को बहला-फुसलाकर धर्म बदलने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। सूचना मिलते ही मस्तूरी पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से पति-पत्नी समेत छह लोगों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोरेलाल टंडन और उनकी पत्नी सद्रोहा टंडन सहित अन्य चार लोगों के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, हिर्री गांव के इस सूने मकान में करीब 70 लोग एकत्र हुए थे। बताया जा रहा है कि यहां आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कहानियां सुनाकर और प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रभावित किया जा रहा था। इसी दौरान हिंदू संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना से संबंधित एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पुलिस के पहुंचने पर बड़ी संख्या में लोग घर से बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस मामले में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## करगा-चटौद पुल के नीचे मिली युवक की लाश के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी 28 अक्टूबर ।** जिले के बिरेझर पुलिस चौकी क्षेत्र में कुछ दिनों पहले करगा-चटौद पुल के नीचे मिली युवक की लाश के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने हत्या का मुख्य आरोपी तथा दो सहयोगियों को गिराफ्तार किया है।

बता दें कि दिनांक 22 अक्टूबर 2025 को करगा-चटौद पुल के नीचे एक युवक का शव मोटरसाइकिल सहित मृत अवस्था में पाए जाने की सूचना गिरीश कुमार महार द्वारा सुबह बिरेझर चौकी में दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर तत्काल धारा 194 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई। मृतक की पहचान मनीष कुमार मिथलेश पिता किशन राम मिथलेश, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम करगा के रूप में की गई थी। जांच के दौरान शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हत्या पाए जाने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई है। जांच के दौरान मृतक के परिजनों एवं गवाह योगराज साहू तथा हेमंत साहू के कथनों के आधार पर मुख्य आरोपी होमेश कुमार साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दिनांक 21.10.2025 की रात करीब 11 बजे वह अपने दोस्त चाहत यादव के साथ मृतक को शराब पिलाने चटौद करगा नाला पुल के पास ले गया। शराब पीने के दौरान मृतक द्वारा गाली-गलौज करने पर विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपी होमेश साहू ने मृतक की आंख और गले में गमछा बांधकर दबाया और सिर पर कई बार प्रहार किया। इसके बाद आरोपी होमेश साहू और चाहत यादव ने मृतक को पुल से नीचे फेंक दिया। मृतक के जीवित रहने की आशंका पर होमेश ने नीचे जाकर पत्थरों से उसके सिर एवं चेहरे पर वार कर हत्या कर दी। आरोपी ने हत्या के बाद मृतक की मोटरसायकल व चाबी को नीचे फेंक दिया और गवाहों योगराज व हेमंत साहू को फोन कर घटना की जानकारी दी। बाद में अपने गमछे और खून लगे कपड़ों को छिपाया तथा मृतक का मोबाइल झाड़ी में फेंक दिया। अगले दिन आरोपी ने अपने रिश्तेदार मनीष कुमार साहू को घटना की जानकारी दी और खून लगे गमछे व मोबाइल को जलाने कहा। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कपड़े, गमछा, अधजला मोबाइल आदि बरामद कर जब्त किया गया। जांच में आरोपी मनीष साहू द्वारा साक्ष्य नष्ट करने की पुष्टि होने पर प्रकरण में धारा 238, 3(5) बीएनएस जोड़ी गई। साक्ष्यों एवं मेमोरेण्डम कथनों के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 103(1), 238, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि मृतक मनीष कुमार मिथलेश पूर्व में जब रायपुर से वापस गांव आया था, तब उसने आरोपी होमेश कुमार साहू के साथ झगड़ा करते हुए गाली-गलौज किया था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच मनमुटाव चल रहा था। 21.10.2025 की रात जब मृतक पुनः पुल के पास मिला, तब फिर से झगड़ा एवं गाली-गलौज हुआ। उसी दौरान होमेश ने मौका पाकर मनीष की हत्या कर दी। पुलिस द्वारा इस गंभीर हत्या कांड के त्वरित खुलासे में थाना कुरूद एवं सायबर टीम एवं एफएसएल टीम,चौकी बिरेझर स्टाफएवं जांच दल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मामले में पुलिस ने होमेश कुमार साहू, पिता डेमन लाल साहू, उम्र 19 वर्ष ,चाहत यादव, पिता अमर सिंह यादव, उम्र 19 वर्ष तथा मनीष कुमार साहू, पिता इन्द्रमन साहू, उम्र 21 वर्ष सभी निवासी ग्राम करगा मठ, चौकी बिरेझर, थाना कुरूद, जिला धमतरी को गिरफ्तार किया है।

# सिरपुर पुरातात्विक स्थल ही नहीं भारत की सांस्कृतिक धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों का जीवंत प्रतीक



**महासमुंद्र, 28 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में स्थित सिरपुर (श्रीपुर) केवल एक पुरातात्त्विक स्थल ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों का जीवंत प्रतीक है। यह नगर महान सम्राट महाशिवगुप्त बालार्जुन की राजधानी रहा है और अपनी स्थापत्य कला, बौद्ध धरोहरों तथा प्राचीन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है।

सिरपुर का उल्लेख प्राचीन भारतीय ग्रंथों और अभिलेखों में मिलता है। यहाँ भगवान शिव, विष्णु, बुद्ध और जैन धर्म के उपासना स्थलों के अवशेष मिले हैं। 7वीं शताब्दी में चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी सिरपुर का उल्लेख अपनी यात्राओं में किया है, जिससे इसकी अंतर्राष्ट्रीय ख्याति सिद्ध होती है। यह नगर धार्मिक सहिष्णुता और कला का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। यहाँ 22 शिव मंदिर, 5 विष्णु मंदिर, 3 जैन विहार और एक विशाल बौद्ध विहार के अवशेष प्राप्त हुए हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा सिरपुर में लगातार संरक्षण और मरम्मत का कार्य किया जा रहा है जिससे इसकी ऐतिहासिक गरिमा बनी रहे। डिजिटल टूर, क्यूआर कोड आधारित जानकारी और थ्रीडी गाइडेंस सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीकों का भी उपयोग हो रहा है।सिरपुर बौद्ध, जैन और हिन्दू स्थापत्य कला का त्रिवेणी संगम है। यहां स्थित लक्ष्मण मंदिर भारत का पहला ईंटों से निर्मित मंदिर है जो वास्तुकला का अनुपम उदाहरण है। आनंदप्रभु कुटीर विहार बौद्ध भिक्षुओं का प्रमुख केंद्र है, जहाँ चीन से आए भिक्षु रह चुके हैं। गंधेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित मंदिर है, जिसमें अनेक मूर्तियाँ और सांस्कृतिक प्रतीक हैं। 1872 में अलेक्जेंडर कनिंघम द्वारा सिरपुर के अवशेषों की खोज की गई थी। इसके बाद यहाँ अनेक उत्खनन कार्य हुए, जिनमें बुद्ध, विष्णु, शिव और जैन परंपराओं के असंख्य साक्ष्य मिले। चीन, जापान और दक्षिण कोरिया के विद्वान भी सिरपुर को एशिया की बौद्ध धरोहरों में महत्वपूर्ण स्थान मानते हैं। हर वर्ष आयोजित होने वाला सिरपुर महोत्सव छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। इसमें देश-विदेश के कलाकार शास्त्रीय नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियाँ देते हैं। यहाँ ईको-ट्रेल, हस्तशिल्प बिक्री केंद्र और स्थानीय भोजनालयों की योजनाएँ चलाई जा रही हैं, ताकि स्थानीय समुदाय को रोजगार मिले और पर्यटन को बढ़ावा मिले। विद्यार्थियों के लिए सिरपुर की ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किया गया है। साय सरकार ने सिरपुर को विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### राहगीरों से मारपीट कर लूटपाट करने वाला गैंग पकड़ाया

**गरियाबंद 28 अक्टूबर ।** जिले के फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के हथखोज गांव में राहगीरों से लूटपाट और मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राहगीरों से लूटपाट करने के बाद अपनी दहशत फैलाने के लिए उन्हें जबरदस्ती पैर छूकर माफी मांगने पर मजबूर करते और गालियां देते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करते थे। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और आरोपियों की पहचान कर धर-पकड़ की कार्रवाई की। मामले में पुलिस ने मोती राज साहू, थनेश साहू, बादशाह खान और असफाक कुरैशी को गिरफ्तार किया। पुछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि चारों आरोपी अपने खाने-पीने और नशे की आदतें पूरी करने के लिए राहगीरों को निशाना बनाते थे। ये लोग सुनसान इलाकों में बाइक सवार राहगीरों को रोकते, उनसे मारपीट करते और मोबाइल, नकदी या कीमती सामान लूट लेते थे।

